O/c

प्रेषक,

विनीत चौधरी,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट 2012
न्यायालय कक्ष संख्या 05, गौतमबुद्धनगर।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश महोदय
गौतमबुद्धनगर।

विषयः सम्पत्ति विवरण पत्र वर्ष 2016–2018 विलम्ब से प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरणः–

माननीय महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अनुरोध निम्नवत् है, कृपया संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करे।

यह कि माह जुलाई 2018 के प्रथम सप्ताह में मेरी पत्नी श्रीमती अमिता चौधरी कैन्सर रोग से पीडित पायी गई थी, जोकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में उपचाराधीन है। दौरान उपचार 31 जुलाई 2018 में ऑपरेशन करते हुए सर्जरी की गई, तदोपरान्त माह मार्च 2019 तक कीमोथैरेपी उपचार प्रदान किया गया। वर्तमान में भी पर्यवेक्षण अधीन है जिसमें नियमित समय अन्तराल पर विभिन्न टेस्ट कराये जाते हैं। उक्त बीमारी के कारण मैं काफी मानसिक तनाव में रहा। कार्य व्यस्तता एवं उपरोक्त मानसिक तनाव के कारण मैं अपना सम्पत्ति विवरण पत्र वर्ष 2016–2018 विहित समयसीमा के अंतर्गत प्रेषित नहीं कर सका था। जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ। मेरा किसी तथ्य को छिपाये जाने का कोई आशय नहीं रहा है।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि मेरा स्पष्टीकरण माननीय न्यायालय के समक्ष सहानुभूतिपूर्वक विचार किये जाने हेतु प्रस्तुत कराने की कृपा करे।

सादर।

दिनांक 17–03–2021

भवदीय,
(हस्ताक्षर) 17/3/2021
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट 2012
न्यायालय कक्ष संख्या 05, गौतमबुद्धनगर।

Endorsment No. 782/ DJ .. 17.03.21
Forwarded to.. महानिबंधक
मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद
District Judge
Gautam Budh Nagar

संलग्नक–

1. चिकित्सक प्रपत्र।